तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 13 अप्रैल 2026

13 पेयजल कनेक्शन के नाम पर फिर उखाड़ दी सड़क



14 डिपो पर राशन के लिए 'धक्के', लोग घंटों तक धूप में खड़े ...



# दिनदहाड़े टैक्सी चालक की पीट-पीटकर हत्या

## ■ ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के पास लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला ■ महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जगदीशपुर स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के पास रविवार को खूनी खेल खेला गया। विश्वविद्यालय की पार्किंग के समीप दो हमलावरों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर एक टैक्सी चालक की निर्मम हत्या कर दी। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मृतक की वैन लेकर फरार हो गए, जिसे कुछ दूरी पर लावारिस हालत में छोड़कर वे अपनी बाइक से निकल गए। इस दुस्साहसिक वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### विवि के गेट पर खड़ा था संदीप

भूर्री गांव निवासी संदीप अपनी वैन को टैक्सी के तौर पर चलाकर परिवार का गुजारा करते थे। रविवार को वह विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 के पास खड़े थे, तभी दो हमलावरों ने उन पर धावा बोल दिया। आरोपितों ने संदीप को संभलने तक का मौका नहीं दिया और लात-घुसों, डंडों व पत्थरों से उन्हें लहूलुहान कर दिया। जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपित पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने अपनी बाइक को घटनास्थल से काफी दूर खड़ा किया था और पैदल ही संदीप के पास पहुंचे थे। मारपीट के बाद आरोपितों ने घायल संदीप को वैन में डालने की कोशिश भी की, लेकिन लोगों को आता देख वे वैन लेकर भाग निकले। पुलिस का मानना है कि यह सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान स्वयं टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना राई पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस को संदेह है कि इस हत्याकांड के पीछे पुरानी पारिवारिक रंजिश हो सकती है। फिलहाल पुलिस विश्वविद्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की बारीकी से जांच कर रही है ताकि हमलावरों के भागने के मार्ग का सुराग मिल सके। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार मामला आपसी विवाद से जुड़ा लग रहा है। परिजनों का आरोप है कि यह हमला पहले से रची गई साजिश के तहत किया गया। आरोप है कि छोटे भाई की पत्नी के कहने पर ही सुजल और शिवम ने इस वारदात को अंजाम दिया। पिता ने बताया कि करीब दो महीने पहले भी आरोपियों ने संदीप पर हमला किया था और उसका सिर फोड़ दिया था। उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन आपसी रंजिश खत्म नहीं हुई थी।

■ युवक की वैन लेकर भागे हमलावर
■ कुछ दूर बाद उसे छोड़कर बाइक लेकर फरार



### महिला पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप

मामले में कार्रवाई करते हुए राई थाना प्रभारी धीरज की टीम ने कुछ घंटे बाद ही आरोपी सुजल व शिवम को हत्या व उनकी मां गौरव को षड्यंत्र के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।




# रेबीज से युवक की मौत इलाज में लापरवाही के लगाए आरोप



■ जैनपुर स्थित डिस्पेंसरी की लापरवाही ने लील ली युवक की जिंदगी, एक ही टीका लगाकर अधर में छोड़ा इलाज

**सोनीपत।** जिले में रेबीज से करीब 27 वर्षीय युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य सेवाओं पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। लोगों के सवाल है कि क्या स्वास्थ्य विभाग के पास जिले के मरीजों के लिए साधारण बीमारियों का भी इलाज नहीं है। छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में उपचार करवाने आए मरीजों को भी रोहतक, दिल्ली के अस्पतालों का रास्ता दिखाया जा रहा है। इसके बावजूद परिचितों का इलाज करवाने के लिए धक्के खाने वाले परिजनों की आस टूट रही है। गांव टिकोला के जैनपुर स्थित स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां समय पर सही इलाज न मिलने के कारण रूपेंद्र रेबीज से जंग लड़ते हुए हार गया। उनकी मौत से परिवार ही नहीं, स्वास्थ्य सेवाओं पर भरोसा रखने वाले लोग में चिंतित नजर आ रहे हैं।

### दो माह पहले कुत्ते ने काटा था

मिली जानकारी अनुसार करीब 2 माह पहले रूपेंद्र को गांव के ही एक कुत्ते ने पैर पर काट लिया था। इसके बाद वह इलाज के लिए जैनपुर स्थित डिस्पेंसरी पहुंचा, जहां उसे केवल एक एंटी-रेबीज का टीका लगाकर वापस भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि न तो उन्हें आगे के टीकाकरण की सही जानकारी दी गई और न ही समय पर अगला डोज लगाने के लिए कहा गया। जब उन्होंने पूछताछ की, तो कर्मचारियों ने यह कहकर टाल दिया कि एक ही इंजेक्शन काफी है। मृतक की मां मुन्नी ने बताया कि रूपेंद्र ने करीब 5 दिन पहले खाना-पीना छोड़ दिया था। ऐसे में उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। जब स्थिति ज्यादा गंभीर हुई, तो परिजन उन्हें इलाज के लिए सोनीपत नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उनमें रेबीज के लक्षण बताए और इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। आरोप है कि रोहतक जाने के बावजूद उन्हें इलाज नहीं मिला, यहां से उन्हें दिल्ली भेज दिया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रूपेंद्र को वापस घर भेज दिया गया। आरोप है कि अगले ही दिन हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन रूपेंद्र को दोबारा रोहतक पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो कुत्ते के काटने के बाद पूरी एंटी-रेबीज वैक्सीन श्रृंखला लेना बेहद जरूरी होता है। इलाल में लापरवाही से जान का खतरा बना रहता है। रूपेंद्र अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। वह लोडर गाड़ी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था।

#### जांच कमेटी बनाई

गांव टिकोला के युवक की रेबीज से मौत होने की जानकारी मिली है। उक्त मामले को लेकर टीम गठित की गई है, जो जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी निर्णय लिया जाएगा।
-डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन

### पत्नी को गोली मारने का आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 क्षेत्र में महिला पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित सुरजीत निवासी गांव लिबासपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पहले गांव लिबासपुर निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी, लेकिन आपसी विवाद के चलते दोनों के बीच तलाक का मामला न्यायालय में चल रहा है और वह अलग किराये पर रह रही थी। शिकायत में बताया गया कि दोपहर करीब तीन बजे उसका पति उसके किराये के कमरे पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से आरोपित ने उस पर दो गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली पेट में और दूसरी हाथ पर लगी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से पिस्तौल लहराता हुआ फरार हो गया था।



## खबर संक्षेप

### चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं का किया बखान

**सोनीपत।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से रविवार को विशाल नगर में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी विशाल नगर की गली नंबर-3 से प्रारंभ होकर गली नंबर-8 में संपन्न की गई। प्रभातफेरी के दौरान जगह-जगह पर हरिनाम की महिमा के बारे में बताया गया।

### राष्ट्रवाद की भावना से काम कर रही सरकार : जैन

**सोनीपत।** आर्य नगर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मेयर राजीव जैन की अगुवाई में नेपाली मूल के नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जैन ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी सभी को परिवार का सदस्य मानकर मान सम्मान दिया जाएगा। राजीव जैन ने इस अवसर पर कहां की भारतीय जनता पार्टी स्थापना से लेकर आज तक राष्ट्रवाद की भावना से काम करते हुए गरीब कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

### आंबेडकर जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**गोहाना।** गुरु रविदास शिक्षण एवं सामाजिक उत्थान समिति की बैठक रविवार को सेक्टर-7 में सम्पन्न हुई। बैठक में विचारविमर्श के बाद 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामफूल नरवाल ने की। बैठक में समिति महासचिव डॉ. यशपाल मेहन्दिया, कोषाध्यक्ष राजबीर, मास्टर धर्मपाल, विजयपाल, जोनी नरवाल, आनंद गंगाना, जयभगवान सिंघल रहे।

### समाज कल्याण संगठन की टीम ने रोपे 37 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने का बीड़ा उठा रखा है। इसके लिए संगठन द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में संगठन ने रविवार को 37 पौधे रोपे। संगठन ने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद ले रखा है और पिछले करीब डेढ़ दशक से भी अधिक समय से गोहाना में सडक़ों के किनारे फुटपाथ की खाली जगह और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाता है। पौधारोपण अभियान सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है।

### रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र

**सोनीपत।** महलाना रोड स्थित भागीरथ गार्डन में जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 30 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर मनोज शामडी, रविंदर हुड्डा, अरुण लकड़ा, सुमन लकड़ा, हरीश, प्रदीप कुमार, अंकित भेशवाल, विक्रांत, वकील कमल शर्मा, वकील अमित गौड़ आदि रहे।

## लोगों का आरोप, अधिकारियों की अनदेखी के चलते उन्हें झेलनी पड़ेगी परेशानी

# खन्ना कॉलोनी में पेयजल कनेक्शन के नाम पर फिर उखाड़ दी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत



सोनीपत। खन्ना कॉलोनी में पेयजल कनेक्शन के नाम पर उखाड़ी गई सड़क। फोटो: हरिभूमि

शहर के वार्ड-3 में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे है। लोगों का आरोप है कि निगम की अनदेखी व अव्यवस्था से जहां सरकार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है, वहीं आमजन को भी परेशान किया जा रहा है। शहर की उचित व्यवस्थाओं पर अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है, जो विकास के कार्यों में मनमाने ढंग से काम करवा रहे है। आरोप है कि खन्ना कॉलोनी में कुछ माह पहले से ही लाखों रुपये की लागत से सीमेंट से पक्की गलियों का निर्माण करवाया गया था। अब जब गलियों में सुधार हुआ, तो पेयजल कनेक्शन के नाम पर इन्हें उखाड़ा जा रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारी पेयजल कनेक्शन को लेकर अब तक मौन क्यों थे। निगम की इस कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में रोष नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खन्ना कॉलोनी की गली नंबर-3 में लाखों रुपये खर्च कर सीमेंट कंक्रीट से बनाई गई सड़क अब पेयजल लाइन डालने व कनेक्शन के नाम पर दोबारा उखाड़ी जा रही है, जबकि कुछ समय पहले ही गली की सड़क निर्माण का कार्य किया गया था। सड़क निर्माण कार्य के दौरान पेयजल कनेक्शन की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। आरोप है कि यह सीधी-सीधी लापरवाही व विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी का परिणाम है। लोगों ने निगम अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार शिकायत करने व गुहार लगाने के बाद ही उनकी समस्या पर सुध ली गई थी, जिसे अब फिर से उखाड़ा जा रहा है। इससे न केवल सरकार के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि शहरवासियों के लिए आए दिन परेशानियां खड़ी की जा रही हैं। अगर सड़क निर्माण के दौरान पेयजल लाइन डालने की सुध ले ली जाती, तो आज स्थानीय व आवागमन करने वाले लोगों के समक्ष परेशानी नहीं खड़ी होगी।

**पहले कई बार शिकायत देने व गुहार लगाने के बाद बनाई गई थी सड़क**

### पेयजल लाइन का कनेक्शन करवाना जरूरी

लोगों की सुविधा के लिए ही पेयजल लाइन व कनेक्शन करवाना जरूरी है। पहले तकनीकी खामियों के चलते यह कार्य नहीं करवाया जा सका। अब पेयजल कनेक्शन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात सड़क की फिर से मरम्मत करवाई जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही भविष्य में ऐसी खामियों से बचने के लिए विभागीय तालमेल को बढ़ाया जाएगा।

-पद्मभूषण, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत

### अधिकारियों की अनदेखी पर प्रदर्शन करने को होंगे मजबूर

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, बल्कि कई कॉलोनी में पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके है, जब निगम की ऐसी लापरवाही सामने आ चुकी है। इसके बावजूद अधिकारी कोई सबक नहीं ले रहे हैं। पहले जल्दबाजी में सड़क का निर्माण करवाया गया, जबकि आवश्यक प्रक्रियाओं को दरकिनार कर दिया गया। अब सड़क उखड़ने से गली की फिर से खस्ताहालत हो हो जाएगी। स्थानीय लोगों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ेगी। अगर अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को ऐसे ही अनदेखी से निभाते रहे, तो कॉलोनी वासी नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।


सोनीपत। नगर निगम कार्यालय परिसर में हड़ताल के दौरान धरने पर बैठे अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए चक्का जाम की तैयारी

- नगर निगम कार्यालय परिसर में दमकल कर्मियों ने धरना देकर सरकार के रवैये के प्रति जताया रोष, आज भी जारी रहेगी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए कर्मचारियों के समर्थन में हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्यस्तरीय हड़ताल 5वें दिन जारी रही। कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय परिसर में धरना देकर सरकार के रवैये के प्रति रोष जताया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान राजीव खत्री व मंच संचालक वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस सौतेले रवैये के खिलाफ दमकल कर्मचारी 13 अप्रैल को भी हड़ताल पर रहेंगे। दमकल गाड़ियों से चक्का जाम कर शहीदों के परिजनों को न्याय दिलाने का संघर्ष किया जाएगा। पुर्व जिला प्रधान संदीप तुर ने बताया कि प्रदेशभर के दमकल कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। यूनियन की मांग है कि फरीदाबाद की फैक्टरी में आग बुझाते समय शहीद हुए कर्मियों को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके आश्रितों को मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी, नियमानुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। मृतकों के परिवार को दिए गए 30-30 लाख रुपये के मुआवजे से फायर कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं। यदि सरकार ने मांगों का समाधान नहीं किया, तो हड़ताल को आगे बढ़ाया जाएगा। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने हड़ताल को समर्थन दिया। वहीं कच्चे दमकल कर्मचारियों के वेतन में पिछले 5 वर्षों से वृद्धि न होने पर रोष जताया। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से दिसंबर 2025 में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने संबंधी दिए गए निर्णय को लागू न करने की आलोचना की।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान गोहाना से होशियार, राजपाल, राकेश, सुमित, कुंली फायर स्टेशन से विवेक, विनोद शर्मा, सुनील, नितिन, संदीप शर्मा, यशेंद्र, जोगेंद्र, नगर निगम से सोमपाल, जोगेंद्र वर्मा, प्रमोद, सेक्टर-3 से दीपक सैनी, जितेंद्र, एजुकेशन सिटी मनोज, बोबीराम, श्रीपाल, धर्मेंद्र, पवन, राई से पवन सैनी, संदीप सैनी, सुमित, अजीत दहिया, खरखौदा से ओमप्रकाश, अजीत, सेक्टर-23 से अजीत, संजय दलाल, बड़ी से आकाश, नितिन, विकास मौजूद रहे।

## प्रवचन सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

- लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला में वार्षिकोत्सव व गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत


सोनीपत। यज्ञ के दौरान शामिल श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में लक्ष्मी देवी गोसाईं धर्मशाला, सिक्का कॉलोनी में वार्षिकोत्सव, गायत्री महायज्ञ एवं वैसाखी पर्व समारोह के दूसरे दिवस का आयोजन संस्था प्रधान हरि चन्द स्नेही की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर आचार्य संजय याज्ञिक ब्रह्मा एवं मुख्य प्रवक्ता के ब्रह्मत्व में यज्ञ हवन सम्पन्न कराया गया। यज्ञ के पश्चात ब्रह्मा ने कहा कि आदि काल से परमेश्वर, जीवात्मा और प्रकृति तीनों सत्ताएं विद्यमान हैं। परमेश्वर ही जीवों को कर्मानुसार फल देता है और संपूर्ण सृष्टि का संचालन करता है। उन्होंने महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों का उल्लेख करते हुए परमेश्वर को सर्वव्यापक, निराकार, सर्वशक्तिमान और सृष्टिकर्ता बताया। गायत्री महायज्ञ में मेरठ से आमंत्रित श्रीमति निवेदिता आर्या ने सहयोग किया, जबकि गन्नौर से आई सन्तोष आर्या ने भक्ति, सामाजिक व देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। समारोह में हंस राज वधवा, महात्मा वेदमुनि वानप्रस्थी, ललित महेंन्द्रू, वीना रानी, हरभगवान रहेजा, दिनेश आर्य, मदन लाल कत्याल, सुनीता अरोड़ा, सरोज रहेजा आदि रहे।

## वेरिफिकेशन न होने से भटक रहे किसान

- नई अनाज मंडी में इनेलो का किसान कष्ट निवारण केंद्र, किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत


सोनीपत। अनाज मंडी में पहुंचे इनेलो पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का किसान कष्ट निवारण केंद्र रविवार को नई अनाज मंडी सोनीपत में सुचारू रूप से संचालित किया गया। इस दौरान इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत सहित अन्य नेताओं ने खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और दर्जनों किसानों की समस्याएं सुनीं। मोहाना के किसान रविंद्र ने बताया कि उन्होंने फसल का रजिस्ट्रेशन समय पर करवाया, लेकिन पटवारी द्वारा वेरीफाई नहीं किए जाने के कारण उन्हें फसल बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन न होने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस दौरान इनेलो नेताओं ने अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सेक्टरी, एसडीएम व उपायुक्त द्वारा फोन नहीं उठाया गया। कुणाल गहलावत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की नीतियों का खामियाजा किसान भुगत रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ताहर सिंह चौहान, पिंकी दहिया, धर्मबीर दहिया, सुरेंद्र सुहाग, भूपेंद्र राठी, डॉ जिले सिंह, सूरत आंतील, रोहताश असवारपुर, सुखबीर दहिया, ऋषिभ सरोहा, पवन कुमार, जितराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सोनीपत। सोनीपत पहुंचीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता का स्वागत करते हुए।

## महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दे रही भाजपा सरकार: वैशाली तोमर

**सोनीपत।** सोनीपत स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वैशाली तोमर ने केंद्र एवं हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया गया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, उज्ज्वला योजना और लाडली योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिला है। इस अवसर पर सोनीपत जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनिका दहिया, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, जिला महिला महामंत्री कविता शर्मा, स्वास्तिक आर्या, राई ब्लॉक समिति की चेयरमैन सीमा प्रदीप संबोली, रेखा वशिष्ठ, शीला लाकड़ा, मीनू सैनी और बबीता जिंदल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गेहूं के दाने-दाने की होगी खरीद : डॉ. अरविंद

- कैबिनेट मंत्री ने अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना


गोहाना। गेहूं में नमी की जांच करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नई अनाज मंडी गोहाना में गेहूं खरीद प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने मंडी में गेहूं में नमी को जांचा और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा फसल के एक-एक दाने की खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बायोमीट्रिक गेट पास से लेकर फसल खरीद और उठान की प्रक्रिया में कोई परेशानी न होने दी जाए और खरीद प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूरा किया जाए। मंडी से समय पर गेहूं की बोरियों का उठान किया जाए।

### इस दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव सुरेश कुमार, हैफेड मैनेजर ज्योति, वेयरहाउस मैनेजर रेणु, मार्केट कमेटी गोहाना प्रधान कृष्ण सैनी, उप प्रधान राजेंद्र गिरधर, गोहाना अनाज मंडी प्रधान श्याम लाल वशिष्ठ, रामधारी जिंदल, रमेश अग्रवाल, पवन शर्मा, राजा भावड़, दिलबाग कटवाल, रणबीर शर्मा, बिजेंद्र देशवाल, कृष्ण शर्मा, संदीप गर्ग, संदीप शर्मा, सुरेंद्र गर्ग, राममेहर रोहिल्ला व जयभगवान शर्मा उपस्थित रहे।

## जीवन में केवल वेद ज्ञान ही है मोक्ष का साधन : स्वामी शांतानंद



**गोहाना।** रविवार को गुढ़ा मार्ग स्थित आर्य का 41वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नवमी व दशमी तीन दिन तक चले आयोजन में रोजाना प्रातः 8 से 10 बजे तक हवन व भजन और सायं 3 से सायं 5 बजे तक पारिवारिक सभाएं हुईं। रात्रि 8 से 10:30 बजे तक भजन प्रवचन के कार्यक्रम संपन्न हुए। वर्षिकोत्सव में ऋषि लंगर भी आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि रोहतक के सुंदरपुर गुरुकुल से वैदिक विद्वान स्वामी शांतानंद सरस्वती ने ओम की भक्ति की युक्ति बताते हुए कहा आप जब तक ओम की भक्ति में लीन होकर खोएंगे नहीं तब तक ओम को पाएंगे नहीं। आप जब भी आप सांस लेते हैं और छोड़ते हैं तो लगातार ओम का जाप करते रहिए आप भव से पार उतर जाएंगे। स्वामी शांतानंद ने कहा वेद केवल धर्म ग्रंथ नहीं बल्कि तत्व ज्ञान का भंडार हैं। मोक्ष का साधन वेद का ज्ञान ही है। हिंदू दर्शन विशेष कर वेदांत और सांख्य दर्शन के अनुसार मोक्ष (मुक्ति) केवल तत्व ज्ञान या आत्मज्ञान से ही प्राप्त होता है और इस ज्ञान का मूल स्रोत वेद हैं।

## एक देश-एक पाठ्यक्रम की मांग

- निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जनता से जुटाया जा रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत


सोनीपत। हस्ताक्षर अभियान के दौरान संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

क्राइम एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मुरथल अड्डा श्रीराम चौक पर एक देश-एक पाठ्यक्रम लागू करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आमजन से समर्थन प्राप्त करते हुए बड़ी संख्या में हस्ताक्षर एकत्र किए गए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि निजी स्कूल अपनी मनमानी करते हुए मनमाने मूल्यों पर निजी पुस्तकें लागू कर रहे हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी मनमानी के खिलाफ भारत सरकार से एक देश-एक पाठ्यक्रम लागू करने की मांग को लेकर इस हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जून माह तक जारी रहेगा और एकत्र हस्ताक्षरों को मांग पत्र के साथ प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजा जाएगा। अभियान में अधिवक्ता अजय शर्मा, सह सचिव संदीप कुमार, जिला अध्यक्ष लक्षण कुकरेजा, सचिव सरिता पांचाल, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, कृष्ण शर्मा, संजीव वर्मा, अशवनी गांधी, किशन झाम, चिराग अनेजा, पवन बत्रा, सुभाष सैनी, गौरव बत्रा, निरंजन सहित अन्य लोगों ने सहयोग व समर्थन दिया।

**कार्यक्रम** बाल विवाह का विरोध, जाति व्यवस्था के विरोधी थे महात्मा फूले

## ककरोई में श्रद्धा व सम्मानपूर्वक मनाई ज्योतिबा फुले की जयंती, शिक्षा के लिए किया प्रेरित

- सोसाइटी कई गांव में महिलाओं के सहयोग से चला रही नि:शुल्क ट्यूशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत


सोनीपत। गांव ककरोई में कार्यक्रम के दौरान मौजूद बुद्धा एजुकेशन सोसाइटी के सदस्य व बच्चे। फोटो: हरिभूमि

गांव ककरोई में बुद्धा एजुकेशन सोसाइटी की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक मनाई गई। मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर प्रवीन कुमार सिंघल ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली अनेक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। जिनमें बाल विवाह का विरोध, जाति व्यवस्था का विरोध, महिलाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था करने के लिए सबसे पहले अपनी अर्धांगिनी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित करके प्रथम शिक्षिका बनाकर लड़कियों के लिए स्कूल खोले। विधवा महिलाओं के लिए पुनर्विवाह करवाने में सहयोग किया।

### ये रहे मौजूद

सोसाइटी के प्रधान धर्मपाल तूर ने बच्चों को शिक्षण सहायक सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा कि सोसाइटी कई गांव में महिलाओं के सहयोग से सायंकालीन निशुल्क ट्यूशन सेंटर चलाकर बच्चों को शिक्षा के पथ पर अग्रसर कर रही है। कार्यक्रम में ब्रह्मा सिंह बौद्ध , तिलकराज बौद्ध, जयपाल सिंह, बलबीर सिंह, कप्तान सिंह, लेखराज, जगदीश चंद्र, दलेल सिंह, ताराचंद, संगीता, सोनिया, लता, कविता, मीना सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करतें कॉलोनीवासी।

## देवीलाल कॉलोनी में पानी की मांग को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन

**सोनीपत।** देवीलाल कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में मटका फोड़ प्रदर्शन कर विरोध जताया। महिलाओं ने खाली बाल्टियां लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या समाधान की मांग उठाई। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि कॉलोनी में खारे पानी की समस्या है, जिसके कारण महिलाओं को दूर-दूर से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत और अधिक बढ़ जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भी नगर निगम कमिश्नर को शिकायत दी गई थी और समाधान का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में पेयजल और सीवर लाइन की व्यवस्था नहीं होने से बारिश के समय जलभराव हो जाता है। इस अवसर पर माया, रचना, पिंकी, नरेश रानी, गीता, मानते, पायल, सुरेश, कुलदीप और सुमित सहित अन्य निवासी मौजूद रहे।


गोहाना। मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में लॉन टेनिस कोर्ट का लोकापर्ण करते हुए चेयरपर्सन रजनी विरमानी, साथ हैं कोच अजमेर मलिक व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

## नप चेयरपर्सन ने लॉन टेनिस के दो कोर्ट का किया लोकापर्ण

**गोहाना।** शहर के मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में लॉन टेनिस के दो कोर्ट का लोकापर्ण किया गया। दोनों कोर्ट का लोकापर्ण नगर परिषद (नप) चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने किया। ये दोनों कोर्ट 17 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए हैं। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि लॉन टेनिस कोर्ट के बनने से गोहाना के खिलाड़ियों को अपने ही शहर में आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पहले टेनिस का प्रशिक्षण लेने और अभ्यास करने के लिए बच्चों को बाहर के शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब गोहाना में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढने का बेहतर अवसर मिलेगा। ये टेनिस कोर्ट बनने से न केवल गोहाना बल्कि आसपास के क्षेत्रों के बच्चे भी यहां प्रशिक्षण ले सकेंगे।

### सोनीपत स्टेशन बना एयरपोर्ट जैसा : फूड कोर्ट और हाईटेक सुविधाओं की शुरुआत

# अब यात्री प्रतीक्षालयों में आराम फरमाने के साथ ले सकेंगे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद

1 अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 29 करोड़ से चल रहा पुनर्विकास कार्य, अब गर्मी में नहीं करना पड़ेगा ट्रेन का इंतजार

2 यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय के अंदर ही मिलेगी रेल नीर, चाय, कॉफी से लेकर अंडा बिरयानी, छोले-राजमा चावल की सुविधा

3 यात्रियों की सुविधा के लिए लगा सोफा सेट, प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊंचाई को 2 व 4 के बराबर ऊंचा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली-अंबाला रूट पर मॉडल स्टेशन का दर्जा प्राप्त कर चुके सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों को एयरपोर्ट की तर्ज पर सुविधाएं मिलने कर शुरुआत होने लगी है। अब यात्री आधुनिक प्रतीक्षालयों में आराम फरमाने के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। लोगों को गर्मी के बीच खड़े होकर ट्रेनों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्रियों के सुविधा के लिए नए भवन में प्लेटफार्म नंबर 1 पर दो आधुनिक प्रतीक्षालयों की सुविधा के द्वार खोले गए है। यात्रियों को इनके अंदर ही वेज-नॉनवेज फूड की सुविधा मिलेगी। इनमें रेल नीर, चाय, कॉफी, स्नैक्स से लेकर अंडा बिरयानी, छोटे-राजमा चावल जैसी 18 आइटम को यात्रियों के लिए मेन्यू में शामिल किया गया है। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर 29 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण के कार्य जारी हैं। स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए लगातार आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**आधुनिक प्रतीक्षालय**




**स्टॉल से स्नेक्स खरीदता यात्री**



### रेनोवेशन कार्य जोरों से चल रहा

योजना के तहत यात्रियों व कर्मचारियों के लिए भवन नवनिर्माण के साथ एक और फुट ओवरब्रिज, स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट लगवाने संबंधी कार्य भी किए जा रहे हैं। निर्माणाधीन नए भवन के साथ पुराने भवन में रेनोवेशन कार्य जोरों पर चल रहा है। पुराने भवन में मरम्मत संबंधी कार्य करवाकर छोटी-मोटी कमियों को दूर कर इसे नया रूप दिया जाएगा, ताकि सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिल सके। दिल्ली के मंगोलपुरी की सफेद जालीदार शीट जल्द प्रवेश द्वार का सुंदरीकरण बढ़ाएगी। रेलवे ने यात्रियों को नए साल में आधुनिक सुविधाओं की शुरुआत करने के बाद अब प्रतीक्षालय कक्षों की सुविधा को प्रारंभ किया है। इससे पहले नए भवन में 18 जनवरी को बुकिंग कार्यालय व नए टिकट काउंटरों की शुरुआत कर दी गई थी।



सोनीपत। खाद्य पदार्थों के दाम की सूची।

### वातानुकूलित प्रतीक्षालय में खर्च करने होंगे 20 रुपये

यात्रियों को स्टेशन परिसर में बने वातानुकूलित प्रतीक्षालय का लाभ उठाने के लिए 20 रुपये प्रति घंटा का शुल्क तय किया गया है। यह राशि खर्च कर यात्री एक घंटे तक आराम से एसी के नीचे सोफों पर बैठकर खाद्य पदार्थों का लुफ्त उठा सकेंगे। हालांकि शयनयान श्रेणी प्रतीक्षालय में खाद्य पदार्थों के अलावा कोई खर्च नहीं रखा गया है। दोनों प्रतीक्षालयों के अंदर ही यात्रियों को रेल नीर, वेज बर्गर, वेज पफ, कोल्ड ड्रिंक, केक, टमाटर, वेज सूप, उबला अंडा, वेज बिरयानी, अंडा बिरयानी, छोले व राजमा चावल परोसे जाएंगे।

### प्लेटफार्म नंबर 1 की बढ़ने लगी स्टैंडर्ड हाइट

सोनीपत स्टेशन से दिल्ली, पानीपत, गोहाना, जींद रूट पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह साल आधुनिक सुविधाओं की सौगात भरा रहेगा। स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 को ऊंचा करने के लिए स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया गया है, ताकि यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने व उतरने में सुविधा मिल सके। प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊंचाई को 2 व 4 के बराबर ऊंचा किया जाएगा। हालांकि यात्रियों को स्टेशन पर एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए रेलवे ने मार्च तक कार्यों को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अभी स्टेशन पर करीब 15 फीसदी कार्य शेष बचे हैं।

### पीएम व रेल मंत्री ने 2023 में रखी थी आधारशिला

सोनीपत स्टेशन पर वर्ष 2023 में प्लेटफार्म नंबर एक पर स्वचालित सीढ़ियां लगाकर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ 6 अगस्त 2023 को वर्चुअल माध्यम से सोनीपत स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। रेलवे स्टेशन पर जल्द हाईटेक सुविधाएं मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। रेलवे स्टेशन पर प्रथम चरण के करीब 85 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है।

### 85 फीसदी कार्य किया पूरा

सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए जनवरी में हॉल प्रतीक्षालय शुरू करने के बाद अब दो नए प्रतीक्षालयों का शुभारंभ किया गया है। इनमें आधुनिकता के हिसाब से कई सुविधाओं को मुहैया करवाया गया है। यात्रियों को सोफे पर बैठे ही चाय, पानी, नाश्ता का लाभ मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए करीब 85 फीसदी कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

*-पुष्पेश रमण त्रिपाठी, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल*

**खबर संक्षेप**

### इशू दहिया को बनाया आईएसओ का जिलाध्यक्ष



**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की छात्र इकाई आइएसओ को और अधिक मजबूत करने के लिए आइएसओ राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन सिंह चौटाला ने छात्र नेता इशू दहिया को जिला सोनीपत का अध्यक्ष नियुक्त किया। इशू का परिवार शुरू से ही लोकदल पार्टी के साथ रहा है। इशू के दादा चौधरी स्वर्गीय मोजीराम हलालपुर से पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के संघर्ष के साथी रहे। इशू इससे पहले खेल प्रकोष्ठ सोनीपत के हल्का अध्यक्ष रहे।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 61 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु दिल्ली रेडक्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन पुरानी बसोदी में किया गया। शिविर में 5 महिलाओं सहित 61 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर में 20 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता जय भगवान आंतिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पदम सिंह दहिया व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

## समय पर लिया गया निर्णय ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता : डॉ. मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- एसआरके स्किल सेंटर में करियर काउंसलिंग सेमिनार

रेलवे रोड स्थित एसआरके स्किल सेंटर में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने अपने भविष्य को लेकर जानकारी हासिल की। कैरियर मार्गदर्शक डॉ. मोहित बंसल ने छात्रों को जागरूक किया। केंद्र के संचालक जोगेंद्र ने डॉ. बंसल को पुस्तक भेंट कर स्वागत करने के साथ किया गया। डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम के छात्रों के लिए उपलब्ध कोर्सेज, उनके भविष्य के अवसरों और सही दिशा में चयन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और समय पर लिया गया निर्णय ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। इस मौके पर स्टाफ सदस्य अंजलि, खुशी, लतिक्षा, विशाखा और पूजा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।



### आंबेडकर जयंती पर आज सायं होगा दीपोत्सव

**गोहाना।** रविवार को जिला गोहाना भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को सफलतापूर्वक मनाने को लेकर विचारविमर्श हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कार्यकर्ताओं को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। उनके अनुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में 13 अप्रैल की सायं अंबडकर चौक में दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा एवं जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक कार्यकर्ताओं के साथ 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

## शिविर में 151 मरीजों के जांचे नेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- देवा सोसायटी के सहयोग से सनपेड़ा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

गुरु सुदर्शन जन्म शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सनपेड़ा गांव के सरकारी स्कूल परिसर में मुफ्त नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान द्वारा संचालित देवा सोसायटी के सहयोग से जिवो आई एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रोहिणी (दिल्ली) की टीम ने लगाया। इस शिविर में करीब 151 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 125 मरीजों को दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। जांच के दौरान मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, कॉर्निया व रेटिना संबंधी समस्याओं से ग्रसित 24 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में प्रो. रविंद्र पाल चावला, डॉ. सीबी सिंह, डा. तजिंद्र कौर, मयंक बंसल, अब्दुल करीम, अमित शर्मा, ज्योति, असाब, रुचि, ताबिश सहित विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दी। वहीं, विधायक देवेंद्र कादियान का कहना है कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच व उपचार उपलब्ध कराना तथा नेत्र रोगों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस अवसर पर सुनील ढाका, सुरेंद्र ढाका, सोनू, प्रदीप, गौरव, नीरज आदि मौजूद रहे।





### 25 लाख रुपये से बनेगा पंजाबी पंचनद द्वार

**गोहाना।** गोहाना में 25 लाख रुपये की लागत से पंजाबी पंचनद द्वार का निर्माण किया जाएगा। शहीदों की स्मृति में इस द्वार के निर्माण का मूल उद्देश्य शहर को एक नई सांस्कृतिक पहचान देना है। रविवार को नगर परिषद (नप) चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने द्वार का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पार्षद मुकेश देवगन और पंजाबी पंचनंद ट्रस्ट के युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गेरा ने की। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद गोहाना शहर के समग्र विकास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाती हैं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करती हैं। चेयरपर्सन ने इस पुनीत कार्य के लिए स्वामी धर्मदेव का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वामी धर्मदेव की प्रेरणा से ही यह कार्य संभव हो पाया।

## गेट पास की अड़चन दूर, सनपेड़ा सब खरीद केंद्र पर किसानों को मिली राहत

- गेहूं लेकर आए किसानों को मंडी में प्रवेश में मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सनपेड़ा गांव में अनाज मंडी के सब खरीद केंद्र पर गेट पास की समस्या की सूचना के बाद रविवार को मार्केट कमेटी सचिव किसान यूनियन नेता जय भगवान मालिक की सूचना के बाद उन्हें मौके पर लेकर गन्नौर से अन्य कर्मचारियों को लेकर पहुंचे और गेट पास में आ रही दिक्कत को दूर करवाया। किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की संपदा सब खरीद के अंदर में गेट पास काटने में दिक्कत आ रही है उसकी सूचना मिलने के बाद में गन्नौर अनाज मंडी पहुंचे और मार्केट कमेटी के सचिव शिवकुमार उनके साथ अन्य कर्मचारियों को लेकर पहुंचे और गेट पास में आ रही दिक्कत को दूर करवाया। उसके बाद गेहूं लेकर आए किसान अनाज मंडी में अंदर पहुंचे और उनकी समस्या का समाधान हुआ। किसान नेता जय भगवान मालिक ने अन्य किसानों के साथ सब खरीद के अंदर का निरीक्षण किया तो पाया कि सब खरीद के अंदर में किसानों को मंडी की चार दिवारी ना होने के कारण दिक्कत आ रही थी। उन्होंने सरकार से सब खरीद केंद्र में चारदीवारी करवाने की मांग की।





गोहाना। समारोह में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

### विदाई समारोह: जतिन मिस्टर और सुमन मिस फेयरवेल घोषित

**गोहाना।** बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल ग्रोवर ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विदाई समारोह में जतिन को मिस्टर फेयरवेल और सुमन को मिस फेयरवेल चुना गया। पवन को मिस्टर हैंडसम और सिमरन को मिस ब्यूटी के खिताब से नवाजा गया। मंच संचालन सुमन और जतिन ने किया, जिन्होंने अपनी वाकपटुता से कार्यक्रम में निरंतर उत्साह बनाए रखा। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने विदाई गीतों और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अनिल ग्रोवर ने विद्यार्थियों को जीवन के नए सफर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों से प्राप्त संस्कार और ज्ञान ही जीवन की असली पूंजी है। उसे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय मीडिया प्रभारी शान देवी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुआ सुंदरकांड पाठ व हरिनाम संकीर्तन

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं रामकथा का आयोजन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सब्जी मंडी स्थित ललित जैन के निवास पर किया गया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान एवं पूर्व मेयर राजीव जैन उपस्थित होकर भगवान के चरणों में नमन किया। संस्था प्रमुख ओपी अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस के बालकांड का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम ने राक्षसी ताड़का का वध किया था। उन्होंने कहा कि ताड़का के आतंक से ऋषियों में भय व्याप्त था, जिसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम ने एक ही बाण से उसका वध कर धर्म की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से धर्म, साहस और कर्तव्य पालन का संदेश दिया गया। इस मौके पर पवन सहगल, शाम रहेजा, राकेश बहल, ललित बत्रा, महेश सपड़ा, महेश पाण्डे, दिनेश अरोड़ा, सुरेन्द्र भुटानी, पुनीत सहगल और यश तनेजा मौजूद रहे। आरती एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



**बदलाव** आज से बदल जाएगा ट्रेन का नंबर, 13051-13052 के रूप में होगा संचालन

रेलवे ने दो माह पहले ही लिया था फैसला

# नेताजी एक्सप्रेस आज से नहीं रहेगी सुपरफास्ट यात्रियों को किराए में भी मिलेगी विशेष छूट


सोनीपत। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हावड़ा से अपनी यात्रा प्रारंभ कर सोनीपत के रास्ते कालका तक आवागमन करने वाली नेताजी एक्सप्रेस 13 अप्रैल सोमवार सुपरफास्ट नहीं रहेगी। साथ ही इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को सुपरफास्ट चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि नेताजी एक्सप्रेस का अब ट्रेन संख्या 13051 व 13052 के रूप में परिचालन किया जाएगा। साथ ही यात्रियों को किराए में भी काफी छूट मिल सकेगी। रेलवे ने नेताजी एक्सप्रेस से सुपरफास्ट दर्जा खत्म करने का निर्णय करीब दो माह पहले कर लिया था। ट्रेन संख्या 12312 रोजाना हावड़ा रेलवे स्टेशन से रात 9:55 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात 9:52 बजे सोनीपत होते हुए अलसुबह 3 बजे कालका स्टेशन पर अपनी यात्रा संपन्न करती है। वापसी में ट्रेन संख्या 12312 कालका से रात 11:55 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर सुबह 4:22 बजे सोनीपत के रास्ते तीसरे दिन सुबह 8:05 बजे हावड़ा पहुंचती है। अधिकारियों की मानें तो 13 अप्रैल से यह ट्रेन नए नंबर 13051 के साथ हावड़ा से चलेगी। 14 अप्रैल को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 15 अप्रैल को नए नंबर 13052 के साथ कालका से हावड़ा के लिए रवाना होगी। वर्तमान में इस ट्रेन में सफर करने के लिए किराए के साथ सुपरफास्ट का चार्ज फर्स्ट एसी में 75 रुपये प्रति टिकट, सेकेंड व थर्ड एसी कोच में सफर करने के लिए 45 रुपये प्रति टिकट लिया जा रहा है। 13 अप्रैल से इस ट्रेन में यात्रा के दौरान सुपरफास्ट चार्ज नहीं लिया जाएगा।

### रेल परिचालन बेहतर बनाने के लिए लिया निर्णय

रेलवे ने रेल परिचालन को बेहतर बनाने व यात्रियों की सुविधा के लिए नेताजी एक्सप्रेस से सुपरफास्ट का दर्जा हटाने का निर्णय लिया है। हावड़ा-कालका रूट पर चलने वाली नेताजी एक्सप्रेस अब 13 अप्रैल से मेल ही रहेगी। यह 14 अप्रैल को दिल्ली मंडल में पहुंचेगी। इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों से सुपरफास्ट चार्ज भी नहीं लिया जाएगा।

*-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर लगेगा रक्तदान शिविर

**गोहाना।** सिंबल ऑफ नॉलेज अंबेडकर एजुकेशनल एंड सोशल रिफॉर्म आर्गेनाइजेशन व डॉ. अंबेडकर युवा आदर्श समिति गांव लाठ द्वारा 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को 8वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।रक्तदान शिविर जिला रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के तत्वाधान में गांव लाठ स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर रविवार को अंबेडकर भवन में संस्था के महासचिव समुद्र बडगूजर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर मुकेश कुमार भोला व सकसरो से नरेश मेहरा व अन्य मौजूद रहे।

### घर से नकदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने घर से बर्तन व नकदी चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोनू निवासी प्रधान मोहल्ला गन्नौर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 2 अप्रैल को उसके घर से दो बड़े पतीले, अन्य बर्तन व 16 हजार300 रुपये चोरी हो गए। शिकायत में उसने सोनू पर शक जताया था। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी हुए बर्तन बरामद किए।

# डिपो पर राशन के लिए 'धक्के', लोग घंटों तक धूप में खड़े रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सरकार की हिदायतों के तहत एएवाई व बीपीएल राशन कार्डधारकों को इस माह जहां दो महीने का एकमुश्त राशन देकर राहत दी जा रही है। वहीं डिपुओं पर उपभोक्ताओं के लिए उचित प्रबंध नजर नहीं आ रहे हैं। उपभोक्ताओं को एक साथ बुलाने से डिपुओं के बाहर भीड़भाड़ से कार्ड धारक भी परेशान नजर आ रहे हैं। राशन की चाह में कोई बुजुर्ग बेशाखी लेकर पहुंच रहा है, तो कहीं उपभोक्ता छांव में खड़े होकर भीड़ कम होने का इंतजार कर रहे हैं। लाइनों में कई घंटे धूप में इंतजार के बाद उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट रहा है। कार्ड धारकों की मांग है कि राशन वितरण के लिए उपभोक्ताओं को एक साथ न बुलाकर कुछ चरणों में बुलाया जाए, ताकि उन्हें सुविधा मिल सके। राशन कार्ड उपभोक्ताओं को अप्रैल व मई में दोनों माह का केवल गेहूं एक साथ वितरित किया जा रहा है। यह कदम नई फसल के स्टॉक के लिए गोदाम खाली करने के लिए उठाया गया है, ताकि नए स्टॉक को रखने की जगह मिल सके। वहीं उपभोक्ताओं को चीनी व तेल केवल अप्रैल माह का ही मुहैया करवाया जा रहा है। दो माह का गेहूं एक साथ मिलने के चलते राशन डिपुओं पर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी लाइन नजर आने लगी हैं। उधर उपभोक्ताओं का कहना है कि यह कोई राहत भरा कार्य नहीं, बल्कि अपनी सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

- राशन डिपो पर दो माह का एकमुश्त गेहूं लेने के इंतजार से टूट रहा उपभोक्ताओं के सब्र का बांध



सोनीपत। मॉडल टाउन में डिपो पर राशन लेने के लिए लगी कतारें।



सोनीपत। लाइन में नोकझोंक करती महिलाएं।

### 471 डिपो में हो रहा वितरण

सोनीपत जिला में करीब 471 डिपोधारकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को मासिक निशुल्क व कम दर पर राशन वितरित किया जाता है। जिले में राशन कार्डों की बात करे तो मौजूदा समय में करीब 2 लाख 20 हजार से अधिक राशन कार्ड सरकारी राशन वितरण योजना का लाभ उठा रहे हैं। इन कुल कार्डों पर करीब 8 लाख उपभोक्ताओं का पेट भरने का कार्य किया जा रहा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सभी पात्र कार्ड उपभोक्ताओं से अपील की, कि वह अपने संबंधित डिपोधारक से संपर्क कर निर्धारित समय में दोनों महीनों का राशन अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े।

### राशन नहीं देने पर होगी कार्रवाई

विभाग का कहना है कि यदि किसी डिपो पर राशन वितरण में देरी, कटौती या अन्य कोई समस्या सामने आती है, तो उपभोक्ता तुरंत इसकी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उपभोक्ता पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर अप्रैल व मई दोनों माह का निशुल्क गेहूं प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अप्रैल की चीनी 15 रुपये और सरसों का तेल लीटर प्रति राशन कार्ड 30 रुपये प्रति लीटर व 2 लीटर प्रति राशन कार्ड 100 रुपये प्रति लीटर की दर से 30 अप्रैल तक ले सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार कोई भी डिपोधारक राशन कार्ड धारकों को कम व अधिक मात्रा में आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं करेगा। यदि कोई डिपोधारक हिदायत अनुसार राशन वितरण नहीं करेगा, तो उस पर कार्रवाई होगी।

### कई डिपो धारकों के पास नहीं पहुंचा स्टॉक

उधर , राशन डिपो धारकों ने बताया कि कई डिपो पर दो महीने के गेहूं का स्टॉक पहुंच चुका है, जबकि कई डिपो पर फिलहाल एक ही महीने का गेहूं पहुंचा है। यह डिपो धारक अभी दोनों महीने का गेहूं पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा जिन डिपुओं पर दोनों महीनों का गेहूं पहुंच चुका है, वहां वितरण का कार्य शुरू हो चुका है। दो माह का गेहूं लेने के लिए पीओएस मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। पात्र उपभोक्ताओं के लिए अप्रैल-मई का गेहूं एक साथ वितरित किया जा रहा है, जबकि सरसों का तेल व चीनी का वितरण पहले की भांति एक माह का ही वितरित किया जा रहा है।

### व्यवस्था पर उठ रहे सवाल परेशान हो रहे उपभोक्ता

राशन डिपुओं पर इन दिनों उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी लाइन नजर आ रही है। दो माह का एक साथ गेहूं लेने के लिए कई डिपुओं पर उपभोक्ता सुबह से दोपहर तक अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कई-कई घंटे इंतजार के बाद कार्ड उपभोक्ताओं को उनकी बारी आने पर राशन मुहैया करवाया जा रहा है। डिपुओं पर राशन वितरण को लेकर उचित प्रबंध नजर नहीं आ रहे हैं। कई जगह एक-दूसरे के बीच लाइन में लगने पर कार्ड उपभोक्ता आपस में नोंक-झोक करते नजर आ रहे हैं।

#### दो माह का गेहूं भेजा

विभाग ने सभी सरकारी राशन डिपो पर दो माह के गेहूं की आपूर्ति शुरू कर दी है। कई जगह कार्ड धारकों को दो माह का गेहूं वितरण शुरू हो चुका है। इसके अलावा तेल व चीनी का केवल अप्रैल माह का ही वितरण किया जा रहा है। सभी डिपो तक राशन पहुंचने में थोड़ा समय लगता है। जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को राशन वितरित कर दिया जाएगा।
**-विंशेल सहरावत**, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक

## रॉड से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 क्षेत्र में लोहे की राड से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को गांव देवडू निवासी एक युवक ने शिकायत दी थी कि वह अपने घर के पास गली में खड़ा था, जहां कुछ लोग गाली-गलोच कर रहे थे। विरोध करने पर उनके साथ कहासुनी हुई, जिसके बाद रात करीब साढ़े बारह बजे आरोपित अपने अन्य साथियों के साथ वापस आया। गली में खड़े शिकायतकर्ता और उसके रिश्तेदार का रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि लोहे की रोड और सरिया से सिर व शरीर पर वार किए गए, जबकि अन्य साथियों ने लात-घूंसे और ईंटों से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-27 की पुलिस टीम ने गांव देवडू निवासी जुनेद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## तोड़फोड़ व मारपीट करने के लिए आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ क्षेत्र में लकड़ी के बिट्टों से मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में क्राइम यूनिट कुण्डली पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 31 मार्च 2026 को गांव खेवड़ा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह अपने साथियों के साथ गांव स्थित एक कार्यालय में बैठा था। देर रात करीब 12:30 बजे तीन गाड़ियों में सवार सात-आठ युवक वहां पहुंचे और आते ही एक व्यक्ति के बारे में पूछताछ करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावर अपने हाथों में लकड़ी के बिट्टे लिए हुए थे और एक युवक ने शिकायतकर्ता के दोनों पैरों पर वार कर उसे घायल कर दिया। इसके साथ ही आरोपितों ने कार्यालय और बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले में पहले एक आरोपित को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अब पुलिस ने निखिल उर्फ टाटा और शिवांशु उर्फ धोनी को भी गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

## देवेंद्र कौशिक ने किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं



गन्नौर। किसानों और आढ़तियों की समस्याएं सुनते भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक।

**गन्नौर ।** रविवार को गन्नौर अनाज मंडी का विधानसभा पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने दौरा कर किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। किसानों व व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए कौशिक ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को गेहूं की खरीद प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है। कौशिक ने गन्नौर तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार और बिना एनओसी हो रही रजिस्ट्रियों पर कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के संज्ञान में यह मामला ला दिया है, जल्द ही भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन विद्या भूषण हसीजा, गौरव शेखर जैन, महाबीर चिरस्मी, मनीष बसंल आदि मौजूद रहे।

## बड़ी गांव में पांच एकड़ गेहूं की फसल में आग लगी



गन्नौर। बड़ी गांव में आग लगने से जली फसल।

**गन्नौर।** बड़ी गांव में खेतों में रविवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब किसान की लगभग 5 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। हसनपुर गांव के रहने वाले राजकुमार ने बड़ी गांव में करीब 15 एकड़ जमीन दामों पर ले रखी थी। उसने गेहूं की फसल लगाई थी, लेकिन रविवार को उसकी फसल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। वहीं ग्रामीणों ने भी ट्रैक्टर चलाकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की।

### दमकल विभाग की टीम ने मशक्कत के बाद काबू पाया

कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। दमकल विभाग के प्रयास से करीब 10 एकड़ गेहूं की फसल को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। सूचना के बाद किसान नेता जयभगवान मलिक मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारण खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तारों से निकली चिंगारी बताई जा रही है। जयभगवान मलिक ने प्रभावित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## इधर, खरखौदा में हाईवेयर स्टोर में आग से नुकसान



**खरखौदा।** रविवार को दिल्ली चौक के पास जवाहरलाल हार्डवेयर स्टोर में सुबह अचानक आग लग गई। घटना करीब साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।दुकान मालिक संजीव उर्फ कालू बरेजा के अनुसार आग लगने से दुकान में रखा हार्डवेयर का भारी मात्रा में सामान जलकर राख हो गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही समय में दुकान के अंदर रखा सारा सामान जल गया और गर्मी के कारण छत भी भरभरा कर गिर गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग तेजी से फैल रही थी, जिससे आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल बन गया। दुकान मालिक का कहना है कि शार्ट सर्किट के चलते आग लगी है, जिससे उसकी दुकान जल गई।

## शिक्षा ही उज्जवल भविष्य का आधार : कमल दिवान



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते हुए कांग्रेस नेता कमल दिवान।

**सोनीपत।** समाज सेवा समिति की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की सहायता के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन गीता भवन मंदिर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने शिरकत की। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज सेवा समिति और कमल दिवान की ओर से जरूरतमंद बच्चों को चावल, कापी, किताबें, पेंसिल बाक्स और अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देख उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना की। कमल दिवान ने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जिससे गरीबी के चक्र को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों की शिक्षा में अपना योगदान दे, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में स्कूल जाने से वंचित न रहे। समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रवीन वर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों की मदद करना है जो मेधावी होने के बावजूद आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

- समाज सेवा समिति ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## ठेठ अंदाज में नजर आए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, बिधल के खेतों में काटी गेहूं की फसल

# मंडासा मार कर खेत में पहुंचे मंत्री, पत्नी संग की लामणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

किसान परिवार को खेत में गेहूं की फसल की कटाई करते देख कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा में उनकी किसानी जाग गई। वे अपनी गाड़ी से नीचे उतरे और सिर पर मंडासा मारकर अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ गेहूं के खेत में पहुंच गए। मंत्री ने ठेठ अंदाज में किसान परिवार के साथ गेहूं की फसल की कटाई की। मंत्री ने इस दौरान किसान परिवार व दिहाड़ी करने आई महिलाओं से संवाद भी किया।

भाजपा संगठन द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव सलारपुर माजरा से गोहाना लौटते समय कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गांव बिधल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान खेत में किसानों को काम करते देख वे खुद को रोक नहीं पाए और हाइवे से थोड़ा पहले रजबाहे के पास अजीत पुत्र महेंद्र के खेतों में पहुंच गए। मंत्री ने अजीत की पत्नी ममता और उनके खेत में गेंहू कटाई कर रही पुष्पा और पूनम से चर्चा की। इसी दौरान मंत्री और उनकी डॉ. रीटा शर्मा ने किसान परिवार व मजदूरों के साथ दरांती से फसल की कटाई की और जूना बनाकर पूलियां बांधी। फसल कटाई करने के बाद मंत्री और उनकी पत्नी ने किसान परिवार के साथ खाना खाया और पिछले दिनों बेमौसमी बारिश व आंधी के चलते फसल में हुए नुकसान की जानकारी ली। मौके पर पूर्व सरपंच करतार मलिक, कृष्ण, पं. राजेश, रजनीश मलिक, नवीन, संदीप शर्मा और सुरेश मौजूद रहे।



गोहाना। गेहूं की फसल की कटाई करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा व डॉ. रीटा शर्मा, साथ है किसान परिवार।

### मंत्री बोले- बचपन में पिता के साथ की लामणी

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने बचपन में अपने सेवानिवृत प्रिंसीपल पिता के साथ खेतों में लामणी की है। इसके बाद भी जब उन्हें मौका मिला तो कई दफा लामणी की।

## छात्र से 4.63 लाख रुपये की ठगी, केस

**सोनीपत।** साइबर अपराधियों ने एक छात्र को अपना निशाना बनाते हुए उससे 4.63 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने छात्र को फर्जी वेबसाइट के माध्यम से कॉल गर्ल उपलब्ध कराने का झांसा दिया और विभिन्न शुल्कों के नाम पर 58 बार में यह बड़ी राशि ट्रांसफर करवा ली। मामले की शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में पढ़ाई कर रहा है। 28 मार्च को मोबाइल पर इंटरनेट सर्फिंग के दौरान उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में ओकेल्यूट नामक वेबसाइट के जरिए कॉल गर्ल उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद आरोपितों से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क हुआ। वहां युवक को अलग-अलग रेट और सर्विस ऑफर के बारे में जानकारी दी गई। पीड़ित के अनुसार उसने तीन घंटे के लिए 4000 रुपये वाली सर्विस का चयन किया और टोकन मनी के तौर पर 1000 रुपये ऑनलाइन जमा कर दिए। इसके बाद जालसाजों का खेल शुरू हुआ। आरोपितों ने कभी वेरिफिकेशन, कभी सिटी चार्ज तो कभी टैक्स और रिफंडेबल सिक्योरिटी के नाम पर पैसों की मांग शुरू कर दी। युवक को भरोसा दिलाया गया कि यह सारा पैसा बाद में वापस मिल जाएगा। हैरानी की बात यह है कि आरोपितों ने युवक को अपने जाल में ऐसा फंसाया कि उसने अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में 58 बार पैसे ट्रांसफर किए। इस प्रक्रिया में पीड़ित ने अपनी माता के बैंक खाते से कुल 4.63 लाख रुपये अपराधियों के हवाले कर दिए। इतनी बड़ी रकम ऐंठने के बाद भी जब आरोपित और पैसों की मांग करने लगे, तब युवक को ठगी का अहसास हुआ।

ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया।

- एस्कोर्ट गर्ल उपलब्ध करवाने का झांसा देकर लगाई चपत